BSNL
Connecting India

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	नव भारत टाइम्स	Page No:	17
Place:	नई दिल्ली	Date:	18/10

भारत1 पर BSNL देगा ₹97 में सब अनलिमिटेड

| एनबीटी | नई दिल्ली |

माइक्रोमैक्स ने बीएसएनएल के साथ मिलकर सस्ता 4जी फोन लॉन्च किया है। भारत 1 नाम के इस फोन पर बीएसएनएल 97 रुपये हर महीने की दर पर अनलिमिटेड कॉलिंग और अनलिमिटेड डेटा पैकेज देगा। इसे डिजिटल डिवाइड या दूरी को पाटने वाले फोन के तौर पर लाया गया है। देश की 50 करोड़ आबादी अभी भी इंटरनेट से दूर है। माइक्रोमैक्स के को फाउंडर राहुल शर्मा का कहना है कि बीएसएनएल का नेटवर्क देश के हर कोने तक है और सबको इंटरनेट से जोड़ने के मिशन में काफी असरदार होगा। बीएसएनएल के सीएमडी अनुपम श्रीवास्तव के मुताबिक देसी कंपनी माइक्रोमैक्स के साथ भारत-1 डेटा और कॉलिंग के अनुभव को लाखों लोगों के लिए बेहतरीन बनाएगा। भारत 1 फोन में 2.4 इंच स्क्रीन है, 2 मेगापिक्सल का रियर और वीजीए सेल्फी कैमरा है। 4जी VoLTE लैस है और दो सिम लगा सकते हैं, 512 एमबी रैम और 4 जीबी रॉम है। 2000 mAh बैटरी है! 2,200 रुपये का यह फोन 22 भाषाओं को सपोर्ट करता है और इसमें अनलिमिटेड लाइव टीवी और म्यूजिक देखने के लिए माइक्रोमैक्स एंटरटेनमेंट नाम से एप होम है। यह बिक्री के लिए देशभर में 20 अक्टूबर से मिलेगा।